Title: Need to ensure procurement of wheat by Government agencies in Uttar Pradesh.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा) : महोदय, सदन में जनहित की सर्वोच्च समस्या के संबंध में माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृट करते हुए कहना है कि उत्तर प्रदेश में सरकारी लेवी पर गेहूं नहीं खरीदी जा रही है, जिसके कारण किसानों को आढ़तियों को बेचना पड़ रहा है, जो सरकारी दर से काफी कम है। इस कारण सरकार से किसानों को काफी नाराजगी है तथा आक्रोश भी है।

अस्तु माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि सरकारी दर पर उत्तर प्रदेश में शीघ्र गेहूं खरीदने की व्यवस्था की जाए जिससे किसान उचित दर पर गेहूं बेच सके।